# PRE-BOARD EXAMINATION (2024-25)
## CLASS:X
## SUBJECT: HINDI (002)
## Comprehensive Assessment Feedback
## विस्तृत आकलन प्रतिपुष्टि

**Time Allowed : 3 hours** **Maximum Marks : 80**

**समय : 3** घंटे **अधिकतम अंक : 80**

सामान्य निर्देश:

- निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका सख़्ती से अनुपालन कीजिए।
- इस प्रश्नपत्र में कुल 15 प्रश्न हैं। सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
- इस प्रश्नपत्र में कुल चार खंड हैं- क, ख, ग, घ।
- खंड-क में कुल 2 प्रश्न हैं, जिनमें उपप्रश्नों की संख्या 10 है।
- खंड-ख में कुल 4 प्रश्न हैं, जिनमें उपप्रश्नों की संख्या 20 है। दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए 16 उपप्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है ।
- खंड-ग में कुल 5 प्रश्न हैं, जिनमें उपप्रश्नों की संख्या 20 है।
- खंड-घ में कुल 4 प्रश्न हैं, सभी प्रश्नों के साथ उनके विकल्प भी दिए गए हैं।
- प्रश्नों के उत्तर दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए लिखिए।

### खंड - 'क'
### (अपठित बोध)

**प्रश्न 1**.निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़ कर उस पर आधारित पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए। (7)

मलय भाषा में ओरांग उटान का मतलब है, जंगल में रहने वाला आदमी। यह ऐसा आदमी है जो जंगलों में रहता है, जो काफ़ी कुछ आदमियों से मिलता-जुलता है। हम इंसानों जैसा, लेकिन बहुत कुछ ऐसा भी है जो उसे हम इंसानों से अलग करता है। ओरांग उटान इंडोनेशिया और मलेशिया के वर्षा वनों में रहते हैं आज उनका पर्यावास इन देशों के बोर्नियो और सुमात्रा द्वीपों तक सिमट कर रह गया है, लेकिन माना जाता है कि प्लेस्टोसीन युग में ओरांग उटान दक्षिण-पूर्व एशिया और दक्षिणी चीन के बड़े हिस्से में पाए जाते थे। पर्यावास के छिनने और तमाम क़िस्म की इंसानी गतिविधियों के चलते अब उनकी बची-खुची आबादी सिर्फ़ बोर्नियो और सुमात्रा में ही सिमट गई है और यहाँ भी उनके अस्तित्व पर संकट छाया हुआ है। आये दिन ही उन पर होने वाले अलग-अलग ज़ुल्मों और अत्याचारों की ख़बरें आती हैं। ओरांग उटान बुद्धिमान प्राणी होते हैं। उनकी जीवन शैली बहुत ख़ास है। वे बहुत कुछ इंसानों जैसे हैं। इंसानों के सबसे करीबी रिश्तेदारों में शामिल हैं। कुछ सीमित अर्थों में वे औज़ारों का प्रयोग करना भी जानते हैं। बोर्नियो और सुमात्रा के वर्षा वनों की ऊपरी मंज़िल पर ओरांग उटान रहते हैं। उनका पूरा शरीर पेड़ों पर रहने और उनकी डाली पर झूलते हुए आगे बढ़ने के लिए बना होता है। ओरांग उटान पेड़ों पर रहने वाले सबसे बड़ा स्तनधारी जीव है। उनका 90 फ़ीसदी तक समय पेड़ों पर ही बीत सकता है। पेड़ उन्हें भोजन और सुरक्षा देते हैं। नीचे ज़मीन पर ख़तरा होता है। शिकारी घूमते हैं। इसलिए बहुत ही कम मौक़े होते हैं जब वे पेड़ों से नीचे उतरते हैं।

स्रोत (संपादित) - ओरांग उटान, कबीर संजय, पृष्ठ संख्या 24-25

DoE, Delhi

क. कथन (A): ओरांग उटान की जनसंख्या लगातार घटती जा रही है। 1

कारण (R): ओरांग उटान के प्राकृतिक निवास स्थान में मनुष्य का बढ़ता हस्तक्षेप, उनका अस्तित्व समाप्त कर रहा है।

उपर्युक्त कथनों के आधार पर सही विकल्प का चयन कीजिए।

i. कथन (A) सही है, किंतु कारण (R) गलत है।
ii. कथन (A) और कारण (R) दोनों ही गलत हैं।
iii. कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या है।
iv. कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।

| | | |
|---|---|---|
| i. | कथन (A) सही है, किंतु कारण (R) गलत है। (ग़लत) | कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या है। |
| ii. | कथन (A) और कारण (R) दोनों ही गलत हैं। (ग़लत) | कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या है। |
| iii. | कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या है। (सही) | गद्यांश में वर्णित है कि ओरांग उटान की आबादी सिर्फ़ बोर्नियो और सुमात्रा में ही सिमट गई है। अत: कथन (A) सही है।<br>गद्यांश में ओरांग उटान की आबादी सिमटने का कारण तमाम क़िस्म की इंसानी गतिविधियों को बताया गया है। अत: कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या है। |
| iv. | कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है। (ग़लत) | कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या है। |

ख. ओरांग उटान के संबंध में सही कथन का चयन कीजिए - 1

I. ओरांग उटान और मनुष्य में साम्यता और भेद दोनों है।
II. ओरांग उटान और मनुष्य में केवल साम्यता होती है।
III. ओरांग उटान औज़ारों का प्रयोग बिलकुल नहीं कर सकते।
IV. ओरांग उटान वर्षा वनों के ऊपरी मंज़िल पर रहते हैं।

विकल्प -

i. कथन I और II सही हैं।
ii. कथन I, II और IV सही हैं।
iii. केवल कथन III सही है।
iv. कथन I और IV सही है।

DoE, Delhi

| | |
|---|---|
| i. कथन I और II सही हैं। (ग़लत) | गद्यांश के अनुसार ओरांग उटान और मनुष्य में साम्यता और भेद दोनों है। इस आधार पर कथन I सही है लेकिन कथन II ग़लत है। |
| ii. कथन I, II और IV सही हैं। (ग़लत) | गद्यांश के अनुसार ओरांग उटान और मनुष्य में साम्यता और भेद दोनों है। गद्यांश में यह भी वर्णित है कि ओरांग उटान वर्षा वनों के ऊपरी मंज़िल पर रहते हैं।<br>इस आधार पर कथन I और IV सही है लेकिन कथन II ग़लत है। |
| iii. केवल कथन III सही है। (ग़लत) | गद्यांश के अनुसार ओरांग उटान औज़ारों का कुछ सीमित अर्थों में प्रयोग कर सकते हैं।<br>इस आधार पर कथन III ग़लत है। |
| iv. कथन I और IV सही है। (सही) | गद्यांश के अनुसार ओरांग उटान और मनुष्य में साम्यता और भेद दोनों है। गद्यांश में यह भी वर्णित है कि ओरांग उटान वर्षा वनों के ऊपरी मंज़िल पर रहते हैं।<br>इस आधार पर कथन I और IV सही है। |

ग. नीचे दिए हुए कॉलम-I को कॉलम-II से सुमेलित कर सही विकल्प का चयन कीजिए- 1

| | कॉलम-I | | कॉलम II |
|---|---|---|---|
| I. | ओरांग उटान का 90 फ़ीसदी समय बीतता है | 1. | प्लेस्टोसीन युग में |
| II. | ओरांग उटान का अर्थ- जंगल में वास करने वाला मनुष्य | 2. | मलय भाषा में |
| III. | ओरांग उटान बोर्नियो और सुमात्रा द्वीपों तक सीमित थे | 3. | पेड़ों पर |

i. I-(2) II-(3) III-(1)
ii. I-(1) II-(3) III-(2)
iii. I-(3) II-(1) III-(2)
iv. I-(3) II-(2) III-(1)

| | |
|---|---|
| i. I-(2) II-(3) III-(1) (ग़लत) | I का (3), II का (2) और III का (1) सही मिलान है। |
| ii. I-(1) II-(3) III-(2) (ग़लत) | I का (3), II का (2) और III का (1) सही मिलान है। |
| iii. I-(3) II-(1) III-(2) (ग़लत) | I का (3), II का (2) और III का (1) सही मिलान है। |
| iv. I-(3) II-(2) III-(1) (सही) | गद्यांश के अनुसार ओरांग उटान का 90 फ़ीसदी समय पेड़ों पर बीतता है। |

DOE, Delhi

| | |
|---|---|
| | गद्यांश के अनुसार ओरांग उटान का मलय भाषा में अर्थ होता है - जंगल में वास करने वाला मनुष्य।<br>गद्यांश के अनुसार प्लेस्टोसीन युग में ओरांग उटान बोर्नियो और सुमात्रा द्वीपों तक सीमित थे।<br>अतः I का (3), II का (2) और III का (1) सही मिलान है। |

घ. वर्तमान समय में ओरांग उटान किस प्रकार के वनों और देशों में पाए जाते हैं? 2

| | |
|---|---|
| • वन - वर्षा वनों में<br>• देश - इंडोनेशिया और मलेशिया | प्रत्येक बिंदु पर अधिकतम 1 अंक दिया जाए। |

ङ. पेड़ ओरांग उटान के लिए सुरक्षित स्थान है-कैसे? 2

| | |
|---|---|
| • भोजन और सुरक्षा प्रदान करते हैं।<br>• ज़मीन के शिकारियों से बचाव करते हैं। | प्रत्येक बिंदु पर अधिकतम 1 अंक दिया जाए। |

प्रश्न 2.निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़ कर उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर लिखिए। 7

ऊँचा खड़ा हिमालय आकाश चूमता है,
नीचे चरण तले झुक,नित सिंधु झूमता है।
गंगा यमुन त्रिवेणी नदियाँ लहर रही हैं,
जगमग छटा निराली पग पग छहर रही है।
वह पुण्य भूमि मेरी, वह स्वर्ण भूमि मेरी।
वह जन्मभूमि मेरी वह मातृभूमि मेरी।

झरने अनेक झरते जिसकी पहाड़ियों में,
चिड़ियाँ चहक रही हैं, हो मस्त झाड़ियों में।
अमराइयाँ घनी हैं कोयल पुकारती है,
बहती मलय पवन है, तन मन सँवारती है।
वह धर्मभूमि मेरी, वह कर्मभूमि मेरी।
वह जन्मभूमि मेरी वह मातृभूमि मेरी।

जन्मे जहाँ थे रघुपति, जन्मी जहाँ थी सीता,
श्रीकृष्ण ने सुनाई, वंशी पुनीत गीता।
गौतम ने जन्म लेकर, जिसका सुयश बढ़ाया,
जग को दया सिखाई, जग को दिया दिखाया।

DOE, Delhi

वह युद्ध-भूमि मेरी, वह बुद्ध-भूमि मेरी।
वह मातृभूमि मेरी, वह जन्मभूमि मेरी।

\- मातृभूमि, सोहनलाल द्विवेदी

क. काव्यांश के अनुसार सिंधु किसके चरणों में झूमता प्रतीत हो रहा है? 1

i. गंगा के
ii. यमुना के
iii. भारत भूमि के
iv. कंचनजंघा के

| | |
|---|---|
| i. गंगा के (ग़लत) | कविता में सिंधु द्वारा गंगा के चरणों में झूमने का वर्णन नहीं है। गंगा स्वयं एक नदी है। |
| ii. यमुना के (ग़लत) | कविता में सिंधु द्वारा यमुना के चरणों में झूमने का वर्णन नहीं है। यमुना स्वयं एक नदी है। |
| iii. भारत भूमि के (सही) | कवि ने यह कविता अपनी मातृभूमि अर्थात् भारतभूमि को इंगित करके लिखी है। कविता की पंक्ति 'नीचे चरण तले झुक,नित सिंधु झूमता है' में भारत भूमि के चरणों में झुकने की बात की जा रही है। |
| iv. कंचनजंघा के (ग़लत) | कविता में कंचनजंघा का वर्णन नहीं है। |

ख. कवि ने मातृभूमि के प्राकृतिक सौंदर्य का वर्णन निम्न में से किन रूपों में किया है? उचित विकल्प का चयन कीजिए - 1

I. नदियाँ अपनी छटा बिखेरती हुई बहती हैं।
II. अशुभ का संकेत पा चिड़िया चुप बैठी हैं।
III. सरसों के फूल धरती को स्वर्णिम बना रहे हैं।
IV. पहाड़ियों से अनेक झरने गिरते रहते हैं।

विकल्प

i. कथन I और IV सही है।
ii. कथन I, II और III सही है।
iii. केवल कथन III सही है।
iv. कथन I और II सही है।

| | |
|---|---|
| i. कथन I और IV सही है। (सही) | कविता की पंक्ति 'जगमग छटा निराली पग-पग छहर रही है' से भाव निकल रहा है कि भारतभूमि में नदियाँ अपनी छटा बिखेरती हुई बहती हैं। अत: यह पंक्ति कथन I का समर्थन करती है। |

DOE, Delhi

| | |
|---|---|
| | कविता की पंक्ति 'झरने अनेक झरते जिसकी पहाड़ियों में' कथन IV का समर्थन करती है। इस प्रकार कथन I और IV सही है। |
| ii. कथन I, II और III सही है। (ग़लत) | कथन I सही है। किंतु कथन II और III सही नहीं है।<br>कविता में 'अशुभ का संकेत पा चिड़िया चुप बैठी हैं' के स्थान पर चिड़िया के चहकने का वर्णन है।<br>'सरसों के फूल धरती को स्वर्णिम बना रहे हैं' - कविता में इस तरह का कोई वर्णन नहीं है। |
| iii. केवल कथन III सही है। (ग़लत) | 'सरसों के फूल धरती को स्वर्णिम बना रहे हैं' - कविता में इस तरह का कोई वर्णन नहीं है। |
| iv. कथन I और II सही है। (ग़लत) | कथन I सही है। किंतु कथन II सही नहीं है।<br>कविता में 'अशुभ का संकेत पा चिड़िया चुप बैठी हैं' के स्थान पर चिड़िया के चहकने का वर्णन है। |

ग. कथन (A) और कारण (R) को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए: 1

कथन (A): राम, सीता और श्रीकृष्ण के जन्म ने मातृभूमि का मान बढ़ाया है।

कारण (R): राम, सीता और श्रीकृष्ण ने संसार को धर्म, सत्य और प्रेम का मार्ग दिखाया है।

i. कथन (A) सही है, किंतु कारण (R) गलत है।

ii. कथन (A) और कारण (R) दोनों ही गलत हैं।

iii. कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या है।

iv. कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।

| | |
|---|---|
| i. कथन (A) सही है, किंतु कारण (R) गलत है। (ग़लत) | कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या है। |
| ii. कथन (A) और कारण (R) दोनों ही गलत हैं। (ग़लत) | कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या है। |
| iii. कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या है। (सही) | कविता में राम, सीता और श्रीकृष्ण के मातृभूमि में जन्म लेने को गौरवशाली घटना के रूप में व्यक्त किया गया है। इस प्रकार यह कहा जा सकता है कि राम, सीता और श्रीकृष्ण के जन्म लेने से मातृभूमि का मान बढ़ गया है। अत: कथन (A) सही है।<br>राम, सीता और श्रीकृष्ण ने अपने जीवन और कर्म से संसार को धर्म, सत्य और प्रेम का मार्ग |

DoE, Delhi

| | |
|---|---|
| | दिखाया है। अत: यह कहा जा सकता है कि कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या है। |
| iv. कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है। (ग़लत) | कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या है। |

घ . गौतम ने मातृभूमि का सुयश किस प्रकार बढ़ाया है? 2

| | |
|---|---|
| • जग को दिया दिखाकर अर्थात् संसार को ज्ञान का मार्ग दिखाकर।<br>• संसार को दया का भाव सिखाकर। | प्रत्येक बिंदु पर अधिकतम 1 अंक दिया जाए। |

ङ. प्रस्तुत काव्यांश में मातृभूमि की प्रशंसा में व्यक्त किन्हीं दो विशेषताओं का उल्लेख अपने शब्दों में कीजिए। 2

| | |
|---|---|
| विद्यार्थी अपनी रुचि के अनुसार काव्यांश में मातृभूमि की प्रशंसा में व्यक्त किन्हीं दो विशेषताओं का उल्लेख करें। | प्रत्येक विशेषता के उल्लेख पर अधिकतम 1 अंक दिया जाए। |

DOE, Delhi

## खंड-ख

### (व्यावहारिक व्याकरण)

प्रश्न.3 निर्देशानुसार 'रचना के आधार पर वाक्य भेद' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए: 1x4=4

क. जैसे ही अमीरुद्दीन ने शहनाई बजाई वैसे ही वह सबका दुलारा हो गया। (सरल वाक्य में बदलिए)

| कथन | उत्तर | व्याख्या |
|---|---|---|
| क. जैसे ही अमीरुद्दीन ने शहनाई बजाई वैसे ही वह सबका दुलारा हो गया। (सरल वाक्य में बदलिए) | अमीरुद्दीन शहनाई बजाते ही सबका दुलारा हो गया। | सरल वाक्य में एक उद्देश्य और एक विधेय होता है, इसमें कोई आश्रित उपवाक्य नहीं होता। |

ख. मैंने हिमालय को सलामी देनी चाही कि तभी जीप एक जगह रुकी। (संयुक्त वाक्य में बदलिए)

| कथन | उत्तर | व्याख्या |
|---|---|---|
| ख. मैंने हिमालय को सलामी देनी चाही कि तभी जीप एक जगह रुकी। (संयुक्त वाक्य में बदलिए) | मैंने हिमालय को सलामी देनी चाही और जीप एक जगह रुक गई। | संयुक्त वाक्य में दो या दो से अधिक स्वतंत्र उपवाक्य होते हैं जो समानाधिकरण समुच्चयबोधक से जुड़े होते हैं। |

ग. पानवाले ने कहा कि कैप्टन मर गया। (आश्रित उपवाक्य छाँटकर उसका भेद लिखिए)।

| कथन | उत्तर | व्याख्या |
|---|---|---|
| ग. पानवाले ने कहा कि कैप्टन मर गया। (आश्रित उपवाक्य छाँटकर उसका भेद लिखिए)। | कैप्टन मर गया-संज्ञा आश्रित उपवाक्य | आश्रित उपवाक्य स्वतंत्र उपवाक्य पर आश्रित होता है। |

घ. वह पिज़्ज़ा खाते ही चक्कर खाकर गिर पड़ा। (मिश्र वाक्य में बदलिए)

| कथन | उत्तर | व्याख्या |
|---|---|---|
| घ. वह पिज्जा खाते ही चक्कर खाकर गिर पड़ा। (मिश्र वाक्य में बदलिए) | उसने जैसे ही पिज़्ज़ा खाया, वैसे ही चक्कर खाकर गिर पड़ा। | मिश्र वाक्य में एक प्रधान वाक्य और एक या एक से अधिक आश्रित उपवाक्य होते हैं। |

ड. सुबह उठते ही पानी पीना चाहिए। (रचना की दृष्टि से वाक्य का भेद लिखिए)

| कथन | उत्तर | व्याख्या |
|---|---|---|
| ड. सुबह उठते ही पानी पीना चाहिए। (रचना की दृष्टि से वाक्य का भेद लिखिए) | सरल वाक्य। | सरल वाक्य में एक उद्‌देश्य और एक विधेय होता है, इसमें कोई आश्रित उपवाक्य नहीं होता। |

प्रश्न.4 निर्देशानुसार 'वाच्य' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिएः 1x4=4

क. कुलसुम द्‌वारा कलकलाते घी में कचौड़ी डाली गई। (कर्तृवाच्य में बदलिए)

| कथन | उत्तर | व्याख्या |
|---|---|---|
| क. कुलसुम द्‌वारा कलकलाते घी में कचौड़ी डाली गई। (कर्तृवाच्य में बदलिए) | कुलसुम ने कलकलाते घी में कचौड़ी डाली। | कर्तृवाच्य में कर्ता प्रधान होता है, क्रिया का प्रयोग कर्ता के लिंग, वचन, कारक के अनुसार होता है। |

ख. नवाब साहब ने खीरा धोकर तौलिए पर रखा। (कर्मवाच्य में बदलिए)

| कथन | उत्तर | व्याख्या |
|---|---|---|
| ख. नवाब साहब ने खीरा धोकर तौलिए पर रखा। (कर्मवाच्य में बदलिए) | नवाब साहब द्‌वारा खीरा धोकर तौलिए पर रखा गया। | कर्मवाच्य में कर्म प्रधान होता है। कर्म के लिंग, वचन और पुरुष के अनुसार क्रिया का प्रयोग होता है। |

DoE, Delhi

ग. मैं गा नहीं पाती। (भाववाच्य में बदलिए)

| कथन | उत्तर | व्याख्या |
|---|---|---|
| ग.मैं गा नहीं पाती। (भाववाच्य में बदलिए) | मुझसे गाया नहीं जाता। | जिस वाक्य में क्रिया या भाव की प्रधानता हो वहाँ भाव वाच्य होता है। |

घ. कोयल से दाना चुगा जाता है। (वाच्य पहचानकर भेद बताइए)

| कथन | उत्तर | व्याख्या |
|---|---|---|
| घ. कोयल से दाना चुगा जाता है। (वाच्य पहचानकर भेद बताइए) | कर्मवाच्य। | कर्मवाच्य में कर्म प्रधान होता है। कर्म के लिंग, वचन और पुरुष के अनुसार क्रिया का प्रयोग होता है। |

ड. भाव की प्रधानता वाले वाक्य में कौन-सा वाच्य होता है?

| कथन | उत्तर | व्याख्या |
|---|---|---|
| ड. भाव की प्रधानता वाले वाक्य में कौन-सा वाच्य होता है? | भाववाच्य | जिस वाक्य में क्रिया या भाव की प्रधानता हो वहाँ भाव वाच्य होता है। |

प्रश्न.5 निर्देशानुसार 'पद-परिचय' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के रेखांकित पदों का पद-परिचय लिखिएः 1x4=4

क. पापा <u>मीठी</u> जलेबियाँ बना रहे हैं।

| कथन | उत्तर | व्याख्या |
|---|---|---|
| क. पापा <u>मीठी</u> जलेबियाँ बना रहे हैं। | मीठी- गुणवाचक विशेषण, जलेबियाँ विशेष्य का विशेषण, स्त्रीलिंग, बहुवचन | मीठी होना जलेबी का गुण है इसलिए गुणवाचक विशेषण है।<br>'मीठी' शब्द से स्त्रीलिंग का बोध हो रहा है। 'जलेबियाँ' विशेष्य बहुवचन शब्द है। |

ख. <u>शीला अग्रवाल</u> को कॉलिज वालों ने नोटिस थमा दिया।

| कथन | उत्तर | व्याख्या |
|---|---|---|
| ख. <u>शीला अग्रवाल</u> को कॉलिज वालों ने नोटिस थमा दिया। | शीला अग्रवाल-व्यक्तिवाचक संज्ञा, स्त्रीलिंग, एकवचन, कर्मकारक | रेखांकित पद एक व्यक्ति विशेष का नाम है इसलिए व्यक्तिवाचक संज्ञा है, विवेचित व्यक्ति स्त्री है, 'को' से कर्मकारक का बोध हो रहा है। |

DOE, Delhi

ग. हम कटाओ के <u>करीब</u> आ रहे थे।

| कथन | उत्तर | व्याख्या |
|---|---|---|
| ग. हम कटाओ के करीब आ रहे थे। | करीब- अव्यय स्थानवाचक क्रियाविशेषण', 'आ रहे' क्रिया-विशेष्य। | रेखांकित पद अव्यय का बोध कराता है। |

घ. <u>तुम</u> कबीर के पद अवश्य पढ़ना।

| कथन | उत्तर | व्याख्या |
|---|---|---|
| घ. तुम कबीर के पद अवश्य पढ़ना। | तुम- मध्यम पुरुषवाचक सर्वनाम, पुल्लिंग, एकवचन, कर्ता कारक। | रेखांकित पद सर्वनाम का भेद है। पुल्लिंग का बोध होता है, एकवचन का बोध होता है। 'तुम' वाक्य में कर्ता की भूमिका में है। |

ड. सड़कों पर गाड़ियाँ दिन-रात <u>चलती हैं।</u>

| कथन | उत्तर | व्याख्या |
|---|---|---|
| ड. सड़कों पर गाड़ियाँ दिन-रात चलती हैं। | चलती हैं- सकर्मक किया, स्त्रीलिंग, बहुवचन, वर्तमान काल। | रेखांकित क्रिया सकर्मक क्रिया है, 'गाड़ियाँ' शब्द स्त्रीलिंग और बहुवचन का द्योतक है। 'हैं' बहुवचन और वर्तमान काल को दर्शाता है। |

प्रश्न.6 निर्देशानुसार 'अलंकार' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों की रेखांकित काव्य पंक्तियों में अलंकार पहचान कर लिखिएः 1x4=4

क. आँधी चली, <u>धूल भागी घाघरा उठाए</u>।

| कथन | उत्तर | व्याख्या |
|---|---|---|
| क. आँधी चली, धूल भागी घाघरा उठाए। | मानवीकरण अलंकार | धूल पर मानवीय भाव/ क्रिया का आरोप किया गया है। अतः यहाँ मानवीकरण अलंकार निहित है। |

ख. सूरदास अबला हम भोरी, <u>गुर चाँटी ज्यों पागी</u>।

| कथन | उत्तर | व्याख्या |
|---|---|---|
| ख. सूरदास अबला हम भोरी, गुर चाँटी ज्यों पागी। | उत्प्रेक्षा अलंकार | 'ज्यों' शब्द द्वारा उपमेय (गोपियाँ) में उपमान (चींटियाँ) की संभावना/कल्पना प्रकट की गई है, अतः यहाँ उत्प्रेक्षा अलंकार निहित है। |

DOE, Delhi

ग. <u>लहरें व्योम चूमती उठतीं</u>।

| कथन | उत्तर | व्याख्या |
|---|---|---|
| ग. <u>लहरें व्योम चूमती उठतीं</u>। | अतिशयोक्ति अलंकार | लहरें आकाश तक नहीं पहुँच सकतीं। यहाँ लहरों की ऊँचाई का बढ़ा-चढ़ाकर वर्णन किया गया है, अतः यहाँ अतिशयोक्ति अलंकार निहित है। |

घ. <u>पायो जी मैंने राम-रतन धन पायो</u>।

| कथन | उत्तर | व्याख्या |
|---|---|---|
| घ. <u>पायो जी मैंने राम-रतन धन पायो</u>। | रूपक अलंकार | इस उदाहरण में राम और रत्न को एक ही माना गया है, उपमेय और उपमान में अभिन्नता दर्शाई गई है, अतः यहाँ रूपक अलंकार निहित है। |

ड. <u>सहसबाहु सम सो रिपु मोरा</u>।

| कथन | उत्तर | व्याख्या |
|---|---|---|
| ड. <u>सहसबाहु सम सो रिपु मोरा</u>। | उपमा अलंकार | 'सम' वाचक शब्द द्वारा उपमेय (शत्रु) और उपमान (सहसबाहु) की तुलना शत्रुता के भाव की गंभीरता को दर्शाने के लिए की गई है, अतः यहाँ उपमा अलंकार निहित है। |

**खंड-'ग'**

**(पाठ्यपुस्तक एवं पूरक पाठ्यपुस्तक)**

प्रश्न 7. निम्नलिखित पठित गद्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए। (1X5=5)

घर में आए दिन विभिन्न राजनैतिक पार्टियों के जमावड़े होते थे और जमकर बहसें होती थीं। बहस करना पिता जी का प्रिय शगल था। चाय-पानी या नाश्ता देने जाती तो पिता जी मुझे भी वहीं बैठने को कहते। वे चाहते थे कि मैं भी वहीं बैठूँ, सुनूँ और जानूँ कि देश में चारों ओर क्या कुछ हो रहा है। देश में हो भी तो कितना कुछ रहा था। सन् '42 के आंदोलन के बाद से तो सारा देश जैसे खौल रहा था, लेकिन विभिन्न राजनैतिक पार्टियों की नीतियाँ, उनके आपसी विरोध या मतभेदों की तो मुझे दूर-दूर तक कोई समझ नहीं थी। हाँ, क्रांतिकारियों और देशभक्त शहीदों के रोमानी आकर्षण, उनकी कुर्बानियों से ज़रूर मन आक्रांत रहता था।

| | |
|---|---|
| क. लेखिका के घर की विशेषता थी- कथन के लिए उचित विकल्प का चयन कीजिए -<br>I. घर पर राजनैतिक दलों से जुड़ें लोग बैठा करते थे।<br>II. घर पर विभिन्न मुद्दों पर बहसें होती रहती थी।<br>III. पिताजी किसी भी बहस में भाग नहीं लेते थे।<br>IV. घर पर धार्मिक आयोजन हुआ करते थे। | |
| (i) कथन I और II सही है। (सही) | पठित गद्यांश एवं संदर्भ पाठ 'एक कहानी यह भी' के अनुसार विकल्पों में वर्णित कथन I. (घर पर राजनैतिक दलों से जुड़ें लोग बैठ करते थे) व |

DoE, Delhi

| | |
|---|---|
| | कथन II (घर पर विभिन्न मुद्दों पर बहसें होती रहती थी) सही हैं। |
| (ii) कथन I, II और III सही है। (गलत) | पठित गद्यांश एवं संदर्भ पाठ 'एक कहानी यह भी' के अनुसार विकल्पों में वर्णित कथन III (पिताजी किसी भी बहस में भाग नहीं लेते थे) सही नहीं है। अत: यह विकल्प ग़लत है। |
| (iii) केवल कथन III सही है। (गलत) | पठित गद्यांश एवं संदर्भ पाठ 'एक कहानी यह भी' के अनुसार विकल्पों में वर्णित कथन III (पिताजी किसी भी बहस में भाग नहीं लेते थे) सही नहीं है। अत: यह विकल्प ग़लत है। |
| (iv) कथन I और IV सही है। (गलत) | पठित गद्यांश एवं संदर्भ पाठ 'एक कहानी यह भी' के अनुसार विकल्पों में वर्णित कथन IV (घर पर धार्मिक आयोजन हुआ करते थे) सही नहीं है। अत: यह विकल्प ग़लत है। |
| ख. कथन (A) और कारण (R) पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए :<br>कथन (A): पिताजी खुले विचारों वाले एक प्रगतिशील व्यक्ति थे।<br>कारण (R) : वे चाहते थे कि उनकी बेटी भी घर में होने वाली बैठकों में हिस्सा ले।<br>उपर्युक्त कथनों के आधार पर सही विकल्प का चयन कीजिए। | |
| (i) कथन (A) सही है, किंतु कारण (R) ग़लत है। (गलत) | पठित गद्यांश एवं संदर्भ पाठ 'एक कहानी यह भी' के अनुसार कारण (R) वाक्य ग़लत नहीं है। अत: यह विकल्प ग़लत है। |
| (ii) कथन (A) और कारण (R) दोनों ही ग़लत हैं। (गलत) | पठित गद्यांश एवं संदर्भ पाठ 'एक कहानी यह भी' के अनुसार कथन (A) व कारण (R) वाक्य ग़लत नहीं हैं। अत: यह विकल्प ग़लत है। |
| (iii) कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या है। (सही) | पठित गद्यांश एवं संदर्भ पाठ 'एक कहानी यह भी' के अनुसार कथन (A) सही है और कारण (R), कथन (A) की सही व्याख्या है। अत: यह विकल्प सही है। विकल्प इसलिए सही यही है क्योंकि संदर्भ कथ्य के अनुसार लेखिका के पिता प्रगतिशील विचारों के थे जो अपनी बेटी को रसोई में न झोंक कर घर में होने वाली बैठकों में हिस्सा लेने के लिए प्रोत्साहित करते थे। |
| (iv) कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है। (गलत) | पठित गद्यांश एवं संदर्भ पाठ 'एक कहानी यह भी' के अनुसार कथन (A) सही है और कारण |

DOE, Delhi

| | |
|---|---|
| | (R), कथन (A) की सही व्याख्या है। अत: यह विकल्प ग़लत है। |
| ग. सन्'42 के आंदोलन का संबंध है- | |
| (i) चिपको आंदोलन से (गलत) | पठित गद्यांश एवं संदर्भ पाठ 'एक कहानी यह भी' में 1942 के आंदोलन का संबंध 'चिपको आंदोलन' से नहीं दिखाया गया। अत: यह विकल्प ग़लत है। |
| (ii) नर्मदा बचाओ आंदोलन से (गलत) | पठित गद्यांश एवं संदर्भ पाठ 'एक कहानी यह भी' में 1942 के आंदोलन का संबंध 'नर्मदा बचाओ' से नहीं दिखाया गया। अत: यह विकल्प ग़लत है। |
| (iii) अस्पृश्यता निवारण आंदोलन से (गलत) | पठित गद्यांश एवं संदर्भ पाठ 'एक कहानी यह भी' में 1942 के आंदोलन का संबंध 'अस्पृश्यता निवारण' से नहीं दिखाया गया। अत: यह विकल्प ग़लत है। |
| (iv) देश के स्वतंत्रता आंदोलन से (सही) | पठित गद्यांश एवं संदर्भ पाठ 'एक कहानी यह भी' में वर्ष 1942 के आंदोलन का संबंध 'स्वतंत्रता आंदोलन' से दिखाया गया। अत: यह विकल्प सही है। |
| घ. लेखिका का मन किनके प्रति आकर्षित होता था? | |
| (i) राजनैतिक दल के नेताओं के प्रति (गलत) | पठित गद्यांश एवं संदर्भ पाठ 'एक कहानी यह भी' के अनुसार लेखिका 'राजनैतिक दल के नेताओं' से प्रभावित नहीं थी। अत: यह विकल्प ग़लत है। |
| (ii) क्रांतिकारियों और देशभक्तों के प्रति (सही) | पठित गद्यांश एवं संदर्भ पाठ 'एक कहानी यह भी' के अनुसार लेखिका 'क्रांतिकारियों और देशभक्तों' से प्रभावित थी। अत: यह विकल्प सही है। |
| (iii) लेखिकाओं और कवयित्रियों के प्रति (गलत) | पठित गद्यांश एवं संदर्भ पाठ 'एक कहानी यह भी' के अनुसार लेखिका 'लेखिकाओं और कवयित्रियों' से प्रभावित नहीं थी। अत: यह विकल्प ग़लत है। |
| (iv) वैज्ञानिकों और दार्शनिकों के प्रति (गलत) | पठित गद्यांश एवं संदर्भ पाठ 'एक कहानी यह भी' के अनुसार लेखिका 'वैज्ञानिकों और दार्शनिकों' से प्रभावित नहीं थी। अत: यह विकल्प ग़लत है। |

DOE, Delhi

| | |
|---|---|
| ड. इस गद्यांश का मूल भाव क्या है? उचित विकल्प का चयन कीजिए-<br>I. लेखिका के विचारों को दर्शाना।<br>II. स्वतंत्रता सेनानियों के जीवन को दर्शाना।<br>III. लेखिका की किशोरावस्था को दर्शाना।<br>IV. लेखिका के वैवाहिक जीवन को दर्शाना। | |
| (i) कथन I और II सही है। (गलत) | पठित गद्यांश एवं संदर्भ पाठ 'एक कहानी यह भी' के कथ्यानुसार केंद्रीय भाव विकल्प में वर्णित कथन II (स्वतंत्रता सेनानियों के जीवन को दर्शाना) से संबंधित नहीं है। अत: यह विकल्प ग़लत है। |
| (ii) कथन I, II और III सही है। (गलत) | पठित गद्यांश एवं संदर्भ पाठ 'एक कहानी यह भी' के कथ्यानुसार केंद्रीय भाव विकल्प में वर्णित कथन II (स्वतंत्रता सेनानियों के जीवन को दर्शाना) से संबंधित नहीं है। अत: यह विकल्प ग़लत है। |
| (iii) केवल कथन III सही है। (गलत) | पठित गद्यांश एवं संदर्भ पाठ 'एक कहानी यह भी' के कथ्यानुसार केंद्रीय भाव विकल्प में वर्णित कथन III के अतिरिक्त कथन I (लेखिका के विचारों को दर्शाना) भी संबंधित है। अत: यह विकल्प ग़लत है। |
| (iv) कथन I और III सही है। (सही) | पठित गद्यांश एवं संदर्भ पाठ 'एक कहानी यह भी' के कथ्यानुसार केंद्रीय भाव विकल्प में वर्णित कथन I (लेखिका के विचारों को दर्शाना) व कथन III (लेखिका की किशोरावस्था को दर्शाना) से संबंधित है। अत: यह विकल्प सही है। |

प्रश्न 8. निर्धारित गद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में लिखिए- (2x3=6)

| | |
|---|---|
| क) नवाब साहब ने खीरे को सुसज्जित तरीक़े से धोने और काटने के बाद क्या किया? उनके व्यवहार पर अपनी प्रतिक्रिया लिखिए। | |
| सूँघकर खिड़की के बाहर फेंक दिया,<br>व्यवहार पर प्रतिक्रिया विद्यार्थी की इच्छानुसार । | उचित तर्क/प्रतिक्रिया पर अंक दिए जाएँ।<br>प्रत्येक बिंदु पर 1 अंक दिया जाए। (अधिकतम 2 अंक) |
| ख) बालगोबिन भगत की किन दो विशेषताओं ने आपको प्रभावित किया? अपने शब्दों में लिखिए। | |
| पाठ में वर्णित विशेषताओं में से किन्हीं दो विशेषताओं का उल्लेख अपेक्षित है। | उचित तर्क/वर्णन पर अंक दिए जाएँ।<br>प्रत्येक बिंदु पर 1 अंक दिया जाए। (अधिकतम 2 अंक) |

DOE, Delhi

| ग) मनुष्य की योग्यताएँ जब उसके आत्म-विनाश के रास्ते का निर्माण करने लगती हैं तब वह असंस्कृति कहलाती है। 'संस्कृति' पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए। | |
|---|---|
| मानव योग्यता द्वारा किए गए आविष्कार यदि मानव-कल्याण के लिए है तो संस्कृति ।<br><br>मानव योग्यता द्वारा विनाश के साधनों की खोज या आविष्कार असंस्कृति का परिचायक | संदर्भगत उचित तर्क पर अंक दिए जाएँ।<br>कोई दो बिंदु अनिवार्य<br>प्रत्येक बिंदु पर 1 अंक दिया जाए।<br>(अधिकतम 2 अंक) |

| घ) बिस्मिल्लाह ख़ाँ मिली-जुली संस्कृति और हिंदू-मुस्लिम भाईचारे की मिसाल थे? विचार करते हुए लिखिए। | |
|---|---|
| धर्म से मुस्लिम लेकिन हिंदू धर्म के प्रति भी अपार श्रद्धा,<br>मुहर्रम के दिन पैदल रोते हुए शहनाई और नोहा बजाते हुए जाना,<br>शहनाई बजाते समय बालाजी और विश्वनाथ के मंदिर की तरफ़ मुँह करके बैठना | प्रश्नानुसार उचित वर्णन/ तर्क पर अंक दिए जाएँ<br>कोई दो बिंदु अनिवार्य<br>प्रत्येक बिंदु पर 1 अंक दिया जाए।<br>(अधिकतम 2 अंक) |

प्रश्न 9. निम्नलिखित पठित पद्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए। 1X5=5

हरि हैं राजनीति पढ़ि आए।
समुझी बात कहत मधुकर के, समाचार सब पाए।
इक अति चतुर हुते पहिलैं ही, अब गुरु ग्रंथ पढ़ाए।
बढ़ी बुद्धि जानी जो उनकी, जोग-सँदेस पठाए।
ऊधौ भले लोग आगे के, पर हित डोलत धाए।

| क) उपर्युक्त पद में क्रमश: कौन-किसके बारे में बात कर रहा है? | |
|---|---|
| i. गोपियाँ-उद्धव (गलत) | पद्यांश व संदर्भ अनुसार गोपियाँ उद्धव के बारे में बात नहीं कर रही हैं, अत: विकल्प **(i)** सही नहीं है। |
| ii. उद्धव-गोपियाँ (गलत) | पद्यांश व संदर्भ अनुसार उद्धव गोपियों के बारे में बात नहीं कर रहे हैं, अत: विकल्प **(ii)** सही नहीं है। |
| iii. गोपियाँ-कृष्ण (सही) | पद्यांश व संदर्भ अनुसार गोपियाँ कृष्ण के बारे में बात कर रही हैं, अत: विकल्प **(iii)** सही है। |

DoE, Delhi

| | |
|---|---|
| iv. कृष्ण-गोपियाँ (गलत) | पद्यांश व संदर्भ अनुसार कृष्ण गोपियों के बारे में बात नहीं कर रहे हैं, अत: विकल्प (**iv**) सही नहीं है। |
| ख) 'इक अति चतुर हुते पहिलैं ही, अब गुरु ग्रंथ पढ़ाए।'- पंक्ति में किस स्थिति की ओर संकेत है? सही विकल्प का चयन कीजिए -<br>I. कृष्ण के पहले ही बुद्धिमान होने की ओर।<br>II. कृष्ण के पहले ही बलवान होने की ओर।<br>III. कृष्ण का शास्त्रों में पारंगत होने की ओर।<br>IV. कृष्ण का कुशल शासक होने की ओर। | |
| i. कथन I और II सही है। (गलत) | विकल्प में दिया कथन II **(**कृष्ण के पहले ही बलवान होने की ओर**)** पद्यांश व संदर्भानुसार सही नहीं है। अत: यह विकल्प ग़लत है। |
| ii. कथन I, II और III सही है। (गलत) | विकल्प में दिया कथन II **(**कृष्ण के पहले ही बलवान होने की ओर**)** पद्यांश व संदर्भानुसार सही नहीं है। अत: यह विकल्प ग़लत है। |
| iii. केवल कथन III सही है। (गलत) | विकल्प में दिए कथन III (कृष्ण का शास्त्रों में पारंगत होने की ओर) के अतिरिक्त कथन **I** (कृष्ण के पहले ही बुद्धिमान होने की ओर) भी प्रश्नानुसार ठीक है जो इस विकल्प में शामिल नहीं है। अत: यह विकल्प ग़लत है। |
| iv. कथन I और III सही है। (सही) | विकल्प में दिए कथन I (कृष्ण के पहले ही बुद्धिमान होने की ओर) तथा कथन III (कृष्ण का शास्त्रों में पारंगत होने की ओर) प्रश्नानुसार इन स्थितियों की ओर इशारा कर रहे हैं। अत: यह विकल्प सही है। |
| ग) कथन (A) और कारण (R) पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए :<br>कथन (A): गोपियों ने व्यंग्य करते हुए कृष्ण को अधिक बुद्धिमान कहा है।<br>कारण (**R) :** उन्होंने गोपियों के लिए योग का संदेश भेजा है।<br>उपर्युक्त कथनों के आधार पर सही विकल्प का चयन कीजिए। | |
| i. कथन (A) सही है, किंतु कारण (R) ग़लत है। (गलत) | पद्यांश अनुसार कारण R (उन्होंने गोपियों ने लिए योग का संदेश भेजा है।) सही है। अत: यह विकल्प ग़लत है। |
| ii. कथन (A) और कारण (R) दोनों ही ग़लत हैं। (गलत) | पद्यांश अनुसार कथन A (गोपियों ने व्यंग्य करते हुए कृष्ण को अधिक बुद्धिमान कहा है।) व कारण |

DOE, Delhi

| | |
|---|---|
| | R (उन्होंने गोपियों के लिए योग का संदेश भेजा है।) सही है। अत: यह विकल्प ग़लत है। |
| iii. कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या है। (सही) | पद्यांश अनुसार कथन A (गोपियों ने व्यंग्य करते हुए कृष्ण को अधिक बुद्धिमान कहा है।) सही व कारण R (उन्होंने गोपियों के लिए योग का संदेश भेजा है।) उसकी सही व्याख्या है। अत: यह विकल्प सही है। |
| iv. कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है। (गलत) | पद्यांश अनुसार कथन A (गोपियों ने व्यंग्य करते हुए कृष्ण को अधिक बुद्धिमान कहा है।) सही व कारण R (उन्होंने गोपियों के लिए योग का संदेश भेजा है।) उसकी सही व्याख्या है। अत: यह विकल्प ग़लत है। |
| घ) 'समुझी बात कहत मधुकर के, समाचार सब पाए' पंक्ति में मधुकर किसका प्रतीक है? | |
| i. कृष्ण का (गलत) | पद्यांश व संदर्भ के अनुसार 'मधुकर' प्रतीक है 'उद्धव का। अत: यह विकल्प ग़लत है। |
| ii. गोपियों का (गलत) | पद्यांश व संदर्भ के अनुसार 'मधुकर' प्रतीक है 'उद्धव का। अत: यह विकल्प ग़लत है। |
| iii. मधुमक्खियों का (गलत) | पद्यांश व संदर्भ के अनुसार 'मधुकर' प्रतीक है 'उद्धव का। अत: यह विकल्प ग़लत है। |
| iv. उद्धव का (सही) | पद्यांश व संदर्भ के अनुसार 'मधुकर' प्रतीक है 'उद्धव का। अत: यह विकल्प सही है। |
| ङ.) पहले के लोगों की कौन-सी विशेषताएँ गोपियों ने बताई हैं? सही विकल्प का चयन कीजिए -<br>I. पहले के लोग स्वभाव से बुरे होते थे।<br>II. पहले के लोग स्वभाव से भले होते थे।<br>III. पहले के लोग सहायता के लिए तत्पर रहते थे।<br>IV. पहले के लोग सहायता करने से हिचकिचाते थे। | |
| i. कथन I सही है। (गलत) | पद्यांश के अनुसार कथन I (पहले के लोग स्वभाव से बुरे होते थे।) सही नहीं है। अत: यह विकल्प ग़लत है। |
| ii. कथन I और II सही है। (गलत) | पद्यांश के अनुसार कथन I (पहले के लोग स्वभाव से बुरे होते थे।) सही नहीं है। अत: यह विकल्प ग़लत है। |
| iii. कथन II और III सही है। (सही) | पद्यांश के अनुसार कथन II (पहले के लोग स्वभाव से भले होते थे।) व कथन III (पहले के |

DOE, Delhi

| | |
|---|---|
| | लोग सहायता के लिए तत्पर रहते थे।) दोनों सही हैं। अत: यह विकल्प सही है। |
| iv. कथन I और IV सही है। (गलत) | पद्यांश के अनुसार कथन **I** (पहले के लोग स्वभाव से बुरे होते थे।) और **(**पहले के लोग सहायता करने से हिचकिचाते थे।**)** दोनों ही सही नहीं है। अत: यह विकल्प ग़लत है। |

प्रश्न 10. निर्धारित कविताओं के आधार पर निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में लिखिए- (2x3=6)

| | |
|---|---|
| क) संगीत के अतिरिक्त ऐसे दो क्षेत्रों का वर्णन कीजिए जहाँ आपको संगतकार जैसे व्यक्ति दिखाई देते हों। | |
| खेल में जीत का श्रेय कैप्टन को, विजेता बनाने में कई खिलाड़ियों का योगदान<br>चुनाव में जीत केवल उम्मीदवार की, लेकिन कार्यकर्ताओं का महत्वपूर्ण योगदान | (अन्य उचित तर्क/वर्णन पर अंक दिए जाएँ)<br>कोई दो बिंदु अनिवार्य<br>प्रत्येक बिंदु पर 1 अंक दिया जाए।<br>(अधिकतम 2 अंक) |
| ख) नागार्जुन द्वारा फसलों को 'हाथों के स्पर्श की गरिमा' कहकर संबोधित करना कितना सही है**?** विचार करते हुए लिखिए। | |
| फसलों के निर्माण में मानव श्रम की भूमिका<br>हाथों के स्पर्श की गरिमा - किसान के श्रम में शामिल प्रेम और स्नेह का परिचायक | कोई दो बिंदु अनिवार्य<br>प्रत्येक बिंदु पर 1 अंक दिया जाए।<br>(अधिकतम 2 अंक) |
| ग) उत्साह कविता में 'उत्साह' शब्द का प्रयोग नहीं मिलता फिर भी कविता का शीर्षक उत्साह क्यों रखा गया है? विश्लेषण कीजिए। | |
| बादलों के माध्यम से क्रांति और बदलाव की इच्छा<br>बादलों के गर्जन में उत्साह; जो बदलाव के लिए प्रेरणास्रोत | कोई दो बिंदु अनिवार्य<br>प्रत्येक बिंदु पर 1 अंक दिया जाए।<br>(अधिकतम 2 अंक) |
| घ) स्मृति का पाथेय बनने से कवि का क्या आशय है? स्पष्ट कीजिए। | |
| 'पाथेय' यात्रा में यात्री का सहारा<br>स्मृति इसी प्रकार कवि के लिए जीवनयात्रा का सहारा | कोई दो बिंदु अनिवार्य<br>प्रत्येक बिंदु पर 1 अंक दिया जाए।<br>(अधिकतम 2 अंक) |

DOE, Delhi

प्रश्न 11. पूरक पाठ्यपुस्तक के पाठों पर आधारित निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 50-60 शब्दों में लिखिए- (4x2=8)

| | |
|---|---|
| क) 'साना-साना हाथ जोड़ि' में लेखिका ने पहाड़ी औरतों और आदिवासी औरतों में क्या समानता महसूस की है? विश्लेषण कीजिए | |
| पहाड़ी औरतों के हाथ में कुदाल और हथौड़े, भरपूर ताकत से पत्थरों पर चोट, पीठ पर बँधी डोको में उनके बच्चे भी बँधें थे, पलामू और गुमला के जंगलों में आदिवासी युवतियाँ पीठ पर बच्चों को कपड़े से बाँधकर पत्तों की तलाश में वन-वन डोलती थीं। | संदर्भ आधारित व प्रश्नानुकूल उचित उत्तर पर अंक दें।<br>(अधिकतम 4 अंक) |
| ख) 'माता का अँचल' पाठ में भोलानाथ अपने साथियों के देखकर सिसकना भूल जाता है। आपके विचार से इसका क्या कारण हो सकता है? लिखिए। | |
| खेल में रुचि के कारण, साथियों के सामने रोने या सिसकने से हीनता का बोध होना, मित्रों से मिलने की खुशी और उत्सुकता, मित्रों द्वारा चिढ़ाने का डर, बाल सुलभ स्वभाव के कारण इत्यादि। | संदर्भ आधारित व प्रश्नानुकूल उचित उत्तर पर अंक दें। (अधिकतम 4 अंक) |
| ग) लेखक ने स्वयं को हिरोशिमा विस्फोट का भोक्ता कब और किस तरह अनुभव किया? अपने शब्दों में लिखिए। | |
| अणु-बम के प्रभाव और हिरोशिमा की त्रासदी को प्रत्यक्ष देखना, देखकर भी अनुभूति न होना, जले हुए पत्थर पर एक लंबी उजली छाया देखना, घटना का अनुमान, अवरुद्ध किरणों ने आदमी को भाप बनाकर उड़ा दिया होगा, अब लेखक का भोक्ता बनना | संदर्भ आधारित व प्रश्नानुकूल उचित उत्तर पर अंक दें।<br>(अधिकतम 4 अंक) |

## खंड-घ

## (रचनात्मक लेखन)

प्रश्न 12. निम्नलिखित तीन विषयों में से किसी एक विषय पर 120 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए। (6x1=6)

क. विद्यार्थी जीवन

- विद्यार्थी जीवन - जीवन का महत्त्वपूर्ण समय
- विद्यार्थी जीवन की समस्याएँ
- लक्ष्य निर्धारण की आवश्यकता
- विद्यार्थी जीवन के कर्तव्य

DoE, Delhi

ख. कृत्रिम बुद्धिमता (ए.आई.)

- कृत्रिम बुद्धिमता से अभिप्राय
- दैनिक जीवन में प्रयोग
- साइबर क्राइम के बढ़ते खतरे
- संतुलित नीति की आवश्यकता

ग. धरती का रक्षा कवच-ओज़ोन

- ओज़ोन से अभिप्राय
- मानव जीवन के लिए वरदान
- ओज़ोन परत को नष्ट करनेवाले तत्व
- रक्षा के उपाय

| |
|---|
| अनुच्छेद लेखन-<br>भूमिका --------------- 1 अंक<br>विषयवस्तु ---------- 3 अंक<br>निष्कर्ष ------------- 1 अंक<br>भाषा शुद्धता ------- 1 अंक |
| 1. प्रदत्त विषय के वर्णन के लिए प्रस्तुत भूमिका पर 1 अंक दिया जाए।<br>2. दिए गए संकेत बिंदुओं का क्रमिक समावेश और विश्लेषण करने पर विषयवस्तु के लिए 3 अंक दिए जाएँ।<br>3. यदि किसी एक बिंदु का समावेश न हो या क्रमिक विश्लेषण न किया गया हो तो विषयवस्तु के लिए 2 अंक दिए जाएँ।<br>4. दिए गए किसी एक बिंदु का विश्लेषण करने पर विषयवस्तु के लिए 1 अंक दिया जाए।<br>5. भाषिक शुद्धता (उपयुक्त शब्द चयन एवं वाक्य विन्यास) पर 1 अंक दिया जाए। कम गलतियाँ होने पर 0.5 अंक दिए जाएँ।<br>6. संपूर्ण विषय के विश्लेषण के पश्चात उचित निष्कर्ष प्रस्तुत करने के लिए 1 अंक दिया जाए। |

| |
|---|
| सुझाव -<br>1. अनुच्छेद लेखन की अवधारणा को समझकर उत्तर लिखें।<br>2. प्रत्येक विकल्प में दिए गए सभी बिंदुओं को पढ़ने के बाद ही, अनुच्छेद लेखन हेतु विषय का चयन करें और प्रदत्त बिंदुओं का क्रमिक विश्लेषण करें।<br>3. समसामयिक विषयों से परिचित रहें।<br>4. विषयानुकूल प्रासंगिक और सटीक तथ्य/तर्क का अपने लेखन में समावेश करें।<br>5. प्रसंगानुसार कोई दोहा, श्लोक, प्रसिद्ध विचार या काव्य पंक्ति का उल्लेख करें।<br>**6.** शब्द सीमा का ध्यान रखें। |

प्रश्न **13.**

क. आपका नाम वंशिका/वंश है। खाद्य वस्तुओं में मिलावट के संबंध में चिंता व्यक्त करते हुए 'आज की खबर' समाचार पत्र के संपादक को 100 शब्दों में पत्र लिखिए। (5x1=5)

**अथवा**

DoE, Delhi

ख. आपका नाम वंशिका/वंश है। अपनी बहन को भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आई. आई. टी.) दिल्ली में प्रवेश मिलने की बधाई देते हुए 100 शब्दों में पत्र लिखिए।

| |
|---|
| पत्र लेखन -<br>आरंभ तथा अंत की औपचारिकताएँ -------------------- 1 अंक<br>विषयवस्तु ---------------------------------------------- 3 अंक<br>भाषा शुद्धता -------------------------------------------- 1 अंक |
| 1. आरंभ तथा अंत की औपचारिकताएँ का पूर्ण पालन करने पर 1 अंक दिया जाए।<br>2. आरंभ तथा अंत की औपचारिकताएँ का पूर्ण पालन न करने पर 0.5 अंक दिए जाएँ।<br>3. दिए गए विषय के संबंध में उचित तर्कों का समावेश करने पर 3 अंक दिए जाएँ।<br>4. यदि वांछित विवरण पूर्णतः स्पष्ट न हो परंतु आंशिक रूप से स्पष्ट हो तो 1.5 अंक दिया जाएँ।<br>5. भाषिक शुद्धता (उपयुक्त शब्द चयन एवं वाक्य विन्यास) के लिए 1 अंक दिया जाएँ। कम गलतियाँ होने पर 0.5 अंक दिए जाएँ। |

सुझाव -

1. पत्रों के प्रकारों के अनुसार प्रारूप को ध्यान में रखकर उत्तर लिखें।
2. पत्र लेखन में अपना उद्देश्य स्पष्ट रूप से लिखें।
3. विषयानुकूल प्रासंगिक और सटीक तर्क/तथ्यों का अपने लेखन में समावेश करें।
4. पत्र लेखन में सुबोधता, संक्षिप्तता, क्रमबद्धता, विनम्रता और सृजनात्मकता हो।
5. व्यक्तिगत पत्र आत्मीयता पूर्ण हों।
6. शब्द सीमा का ध्यान रखें।

प्रश्न 14.

क. आपका नाम अवंतिका/जॉर्ज है। बचत बैंक में प्रबंधक के पद के लिए रिक्तियाँ निकली हैं। आप उक्त पद की योग्यता (वाणिज्य में स्नातक/बी.कॉम) को धारण करते हैं। उक्त बैंक के मुख्य प्रबंधक को आवेदन भेजने हेतु लगभग 80 शब्दों में अपना एक संक्षिप्त स्ववृत्त लिखिए। (5x1=5)

अथवा

ख. आपका नाम अवंतिका/जॉर्ज है। आपका स्टेट बैंक में एक बचत खाता चल रहा है लेकिन आपके पास चेकबुक नहीं है। चेकबुक के लिए आवदेन करने हेतु बैंक के प्रबंधक को 80 शब्दों का ई-मेल लिखिए।

स्ववृत्त अथवा ई-मेल लेखन-
प्रारूप ---------------------------------------------- 1 अंक
विषयवस्तु ----------------------------------------- 3 अंक
भाषा शुद्धता ------------------------------------ 1 अंक

DoE, Delhi

1. प्रारूप का पालन करने पर 1 अंक दिया जाए।
2. प्रारूप का पालन न करने अथवा प्रारूप में त्रुटि होने पर 0.5 अंक दिए जाएँ।
3. दिए गए विषय के संबंध में उचित तर्कों का समावेश करने पर 3 अंक दिए जाएँ।
4. यदि वांछित विवरण पूर्णतः स्पष्ट न हो परंतु आंशिक रूप से स्पष्ट हो तो 1.5 अंक दिए जाएँ।
5. भाषिक शुद्धता (उपयुक्त शब्द चयन एवं वाक्य विन्यास) के लिए 1 अंक दिया जाए। कम गलतियाँ होने पर 0.5 अंक दिए जाएँ।

सुझाव-

1. स्ववृत्त अथवा ई-मेल लेखन के प्रारूप को ध्यान में रखकर उत्तर लिखें।
2. विषयानुकूल प्रासंगिक और सटीक तर्क/तथ्यों का अपने लेखन में समावेश करें।
3. ई-मेल लेखन में अपना उद्देश्य स्पष्ट रूप से लिखें।
4. स्ववृत्त में अपनी उपलब्धियों और कार्यक्षमताओं को स्पष्ट रूप से लिखें। (इनका उल्लेख अन्य उम्मीदवारों से अलग पहचान दिलाने में समर्थ होता है।)
5. शब्द सीमा का ध्यान रखें।

**प्रश्न 15.**

क. आपके भाई ने यूट्यूब पर ऑनलाइन कोचिंग देने के लिए एक चैनल खोला है। कोचिंग के प्रचार के लिए 40 शब्दों का आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए। (4x1=4)

अथवा

ख. आपके मित्र का जन्मदिन है। उन्हें बधाई देते हुए लगभग 40 शब्दों में संदेश लिखिए।

विज्ञापन अथवा संदेश लेखन -
रचनात्मक प्रस्तुति --------------------1 अंक
विषयवस्तु --------------------------- 2 अंक
भाषा शुद्धता -------------------------- 1 अंक

1. विषयानुकूल प्रासंगिक और प्रभावित करने वाले तर्क/विवरण के लिए 2 अंक दिए जाएँ।
2. यदि वांछित विवरण पूर्णतः स्पष्ट न हो परंतु आंशिक रूप से स्पष्ट हो तो 1 अंक दिया जाए।
3. विचार और भाषा के उचित तालमेल और रचनात्मक प्रस्तुति के लिए 1 अंक दिया जाए।
4. विचार और भाषा का उचित तालमेल न होने पर और आंशिक रचनात्मक प्रस्तुति हेतु 0.5 अंक दिए जाएँ।
5. भाषिक शुद्धता (उपयुक्त शब्द चयन एवं वाक्य विन्यास) के लिए 1 अंक दिया जाए। कम गलतियाँ होने पर 0.5 अंक दिए जाएँ।

सुझाव-

1. विज्ञापन अथवा संदेश लेखन के प्रारूप को ध्यान में रखकर उत्तर लेखन आरंभ करें।
2. समसामयिक विषयों से परिचित रहें।
3. विषयानुकूल प्रासंगिक और प्रभावशाली लेखन का समावेश करें।
4. विज्ञापन आकर्षक होना चाहिए। विशेष सूचना को रेखांकित करें या मोटे अक्षरों में लिखें।

DoE, Delhi

5. विज्ञापन तथा संदेश को बॉक्स के अंदर लिखें। विज्ञापित वस्तु का नाम सबसे पहले लिखें/संदेश के आरंभ में 'संदेश' शब्द अवश्य लिखें।
6. प्रसंगानुसार कोई स्लोगन, चित्र अथवा काव्यात्मक पंक्तियाँ लिखें।
7. शब्द सीमा का ध्यान रखें।

..........................................................................................................................................

DOE, Delhi